दो दिवसीय छात्र कौशल संवर्धन कार्यशाला

दिनांक 13-14 सितम्बर 2024 को आदरणीय प्राचार्या प्रो. सविता रॉय के गरिमामय मार्गदर्शन एवं एस. डी. पी. संयोजक प्रो. मीतू खोसला के स्नेहपूर्ण निर्देशन में छात्र कौशल कार्यशाला की (समन्वयक एवं विभागाध्यक्षा) डॉ. ज्योति शर्मा एवं (सह-समन्वयक) डॉ. संतोष कुमार भारद्वाज हिन्दी विभाग दौलत राम महाविद्यालय के कुशल नेतृत्व में बी. ए. हिन्दी (विशेष) प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए आई. क्यू. ए. सी. के अंतर्गत आई.सी. टूल्स के माध्यम से कौशल संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संसाधक वक्ताओं डॉ. समला देवी, डॉ. विजय कुमार एवं डॉ. ओंकार मांगला जी ने गूगल मीट, गूगल क्लास रूम, गूगल ड्राइव, गूगल अनुवाद, गूगल फार्म, एक्सेल, पी. पी. टी. प्रेजेंटेशन आदि आई. सी टी. तकनीकों और बारीकियों को सहजता, सरलता एवं आत्मीयता के साथ छात्राओं को सिखाया। हिन्दी विभाग के सभी शिक्षकों की गरिमायी उपस्थिति और हिन्दी (विशेष) की प्रथम वर्ष की छात्राओं की ऊर्जात्मक और उत्साहमयी उपस्थिति से हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय छात्र कौशल संवर्धन कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित हुई।